<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये युवक शुभम द्विवेदी का पार्थिव शरीर कानपुर पहुंचा, राजकीय सम्मान के साथ आज होगा अंतिम संस्कार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी परिजनों से करेंगे मुलाकात।
- आतंकी हमले को लेकर प्रदेश भर में गम और गुस्से का माहौल, कई जिलों में हुए प्रदर्शन, हमले में मारे गये पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि।
- अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार के साथ आगरा पहुंच कर देखा ताजमहल, राज्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत।
- प्रदेश में आज से चार दिनों तक लू का यलो अलर्ट, अधिकतम तापमान में भी होगी बढ़ोत्तरी।

**********

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी का पार्थिव शरीर बीती रात दो बजे महाराजापुर क्षेत्र के हाथीपुर स्थित उनके पैतृक आवास पर लाया गया। कानपुर के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी शव के साथ मौजूद रहे। आज राजकीय सम्मान के साथ शुभम द्विवेदी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर पहुंच कर आतंकी हमले में मारे गये शुभम के परिजनों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख जताते हुए शुभम के पिता संजय द्विवेदी से कल फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी कल कानपुर में शुभम द्विवेदी के पैतृक आवास पहुंचे और उनके परिवार से मुलाकात की।

बाईस अप्रैल को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके के बैसरन घाटी में अज्ञात आतंकियों ने छब्बीस पर्यटकों की हत्या कर दी थी। जिनमें कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी भी शामिल थे।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमला अमानवीय कृत्य है। राष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस जघन्य कृत्य के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। देश दुनिया के सभी प्रमुख नेताओं ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी कल आगरा में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की है। उन्होंने भारत को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कल महाराजगंज में पहलगाम में हुई घटना को कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय करार दिया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस हमले को आतंकियों की कायराना हरकत बताया और कहा कि सरकार सभी दुखी परिवारों के साथ है।

**बहुत ही दुखद घटना है कायराना हरकत है आतंकियों के हम सब दुखी परिवारों के साथ है और इसमें ऐसी कारवाई होगी की उनके आकाओं की पुस्त याद करेंगे।**

इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के चेयरमैन और मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने केन्द्र सरकार से इस हमले के जिम्मेदार आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

**********

पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दुखी और आक्रोशित लोगों ने कल प्रदेश भर मे जगह जगह विरोध प्रदर्शन करने और आक्रोश व्यक्त करने के साथ ही मृतको को श्रद्धांजलि भी दी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**राजधानी लखनऊ में दिन भर विभिन्न हिन्दू और सामाजिक संगठनों, संत, महंतों और व्यापारी सामाज ने प्रदर्शन किया। मोमबत्ती के साथ जुलूस निकाले गये और आतंकवाद के प्रतीक पुतले भी फूंके गये। प्रयागराज में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। आयोध्या में व्यापारियों ने दुकाने बंद रख कर चौक में विरोध प्रदर्शन किया, तो वहीं कई संगठनों ने राम जन्मभूमि के सामने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी कर, आक्रोश व्यक्त किया। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने दो मिनट का मौन रख कर आतंकी हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। वहीं विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मार्च निकाल कर आतंकवाद का पुतला फूंका गया। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान, विश्राम घाट समेत कई प्रमुख चौराहों पर विभिन्न**

**राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों ने कैंडल मार्च निकाले। इसी तरह कानपुर, मेरठ, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, जौनपुर, इटावा, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती सहित कई जिलों में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए प्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**डीजीपी ने सभी कमिश्नरेट और जिलों के कप्तानों को संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। आतंकी हमले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी जिलों के बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी लखनऊ में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसी भी अपने स्तर से अलर्ट मोड पर है और गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।**

**********

पहलगाम आतंकी हमले के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज प्रस्तावित कानपुर दौरा स्थगित हो गया है। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कल कानपुर में यह जानकारी देते हुए बताया कि शोक संवेदना के चलते प्रधानमंत्री ने यह निर्णय लिया है।

**********

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार के साथ कल आगरा पहुंच कर ताजमहल देखा। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ डायना बेंच पर फोटो सेशन भी कराया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं आगरा एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के आगरा दौरे को लेकर एयरपोर्ट से ताजमहल तक शहर को दुल्हन की तरह सजाया और संवारा गया। सड़क किनारे अमेरिका और भारत के राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए। ताज दीदार के दौरान उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेन्स, उनकी पत्नी और बच्चों को गाइड ने ताजमहल के इतिहास और उसकी पच्चीकारी के बारे में जानकारी दी। करीब एक घंटे तक ताजमहल में समय गुजारने के दौरान उपराष्ट्रपति ने ताज की प्रशंसा की। इस दौरान आम पर्यटकों के लिए दोपहर 12 बजे तक ताजमहल बंद रहा । वहीं शहर के सभी स्कूल भी बंद रहे। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार आगरा।**

**********

अशासकी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में पुरूष–महिला सहायक अध्यापक–टीजीटी और प्रवक्ता संवर्ग–पीजीटी भर्ती के लिए विषयवार शैक्षिक अर्हता निर्धारित कर दी गयी है। अब राजकीय मध्यमिक विद्यालायों के अध्यापकों की भर्ती के लिए निर्धारित की गयी शैक्षिक अर्हता के समान एडेड विद्यालयों के लिए भी विषयवार संशोधन किया गया है। पीजीटी भर्ती के लिए अब बीएड प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

हाई स्कूल यानी कक्षा नौ और दस के लिए पचीस विषयों मे सहायक अध्यापक–टीजीटी भर्ती के लिए और इण्टरमीडिएट यानी कक्षा ग्यारह और बारह के लिए उनचास विषयो में प्रवक्ता वेतन क्रम–पीजीटी में भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता का भी निर्धारण किया गया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज से चार दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही सत्ताईस अप्रैल से उन्तीस अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी इलाको में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। विभाग के मुताबिक आज से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना है, हांलाकि इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी दर्ज की जाएगी। इस बीच, शामली और पीलीभीत समेत कुछ अन्य जिलों में भी गर्मी के चलते आठवीं कक्षा के विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है।

**********